# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, सीकर

# पीठासीन अधिकारी मुकुल शर्मा, आई.ए.एस.

**पत्रावली संख्या : 84/2025 अन्तर्गत प्रतिभूति–हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002**

**सेन्ट्रम हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड** जरिये प्राधिकृत अधिकारी सिबासिस दास
**पंजीकृत कार्यालयः–** यूनिट नम्बर 801, सेंट्रम हाऊस, सीएसटी रोड़, विद्यानगरी मार्ग, कलिना, सांताक्रुज (पूर्व), मुम्बई–400098
**शाखा कार्यालयः–** ऑफिस नम्बर एस–3, द्वितीय तल, जगदम्बा टावर, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान

–प्रार्थी (प्रतिभूति लेनदार)

बनाम

1. **इन्द्राज मीणा पुत्र बाबूलाल मीणा,** पट्टा नम्बर 71, ग्राम गुहाला, ग्राम पंचायत गुहाला, तहसील नीम का थाना, जिला सीकर (राजस्थान) 332706
2. **बाबु लाल पुत्र बन्नाराम मीणा,** पट्टा नम्बर 71, ग्राम गुहाला, ग्राम पंचायत गुहाला, तहसील नीम का थाना, जिला सीकर (राजस्थान) 332706
3. **सुशीला देवी पत्नी बाबु लाल मीणा,** पट्टा नम्बर 71, ग्राम गुहाला, ग्राम पंचायत गुहाला, तहसील नीम का थाना, जिला सीकर (राजस्थान) 332706

–अप्रार्थीगण (ऋणी/सहऋणी/बंधककर्त्ता)

**The application under section 14 of the securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of security interest Act. 2002.**

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सीकर (राज.)

## स्वीकृति आदेश

दिनांकः 03 जून, 2025

1. प्रार्थी वित्तीय संस्था के अधिवक्ता **श्री विक्रम सिंह** द्वारा अधिनियम की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 3 क्रमशः **इन्द्राज मीणा पुत्र बाबूलाल मीणा, बाबुलाल पुत्र बन्नाराम मीणा** एवं **सुशीला देवी पत्नी बाबु लाल मीणा** की ओर से पुनर्भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में प्रार्थी वित्तीय संस्था के पक्ष में अप्रार्थी **सुशीला देवी पत्नी बाबूलाल मीणा** के स्वामित्व की बंधक अचल सम्पति **पट्टा नम्बर 71, ग्राम गुहाला, ग्राम पंचायत गुहाला, तहसील नीम का थाना,** जिला **सीकर (राजस्थान) 332706** में स्थित है। जिसका **कुल क्षेत्रफल 152.22 वर्गगज** है।

(मुकुल शर्मा)
जिला मजिस्ट्रेट, सीकर

जिसकी चतुर्दिशाएं इस प्रकार हैं– पूरब दिशा में मालीराम शर्मा व बद्री मीणा का मकान, पश्चिम दिशा में पूरणमल मीणा का मकान, उत्तर दिशा में प्रभू नाई का मकान एवं दक्षिण दिशा में सन्तोष मीणा का मकान स्थित है। उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर **कुल ₹8,60,151/– (अक्षरे रूपये आठ लाख साठ हजार एक सौ इक्यावन)** की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। अप्रार्थीगण ऋणी द्वारा प्रार्थी वित्तीय संस्था को ऋण भुगतान करने में असफल रहने पर अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण को दिनांक 27.**11.2023** को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किए गये। नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी वित्तीय संस्था ने The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act. 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पास बंधक सम्पति का भौतिक रूप से कब्जा प्राप्त करने हेतु आवश्यक पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने की इस्तदुआ की है।

**2.** पत्रावली दर्ज रजिस्टर की गई। ऋणी की ओर से वकील श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित आये परन्तु बकाया ऋण भुगतान से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं किये है।

**3.** पत्रावली का भली भांति अवलोकन किया गया। प्रार्थी वित्तीय संस्था को भारत का राजपत्र में जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना में सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वित्तीय संस्थान के रूप में निर्दिष्ट किया गया है।

**4.** प्रकरण में प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा अप्रार्थीगण ऋणी को दिनांक **27.11.2023** को धारा 13(2) का रजिस्टर्ड नोटिस जारी किया गया है जिसकी अप्रार्थीगण ऋणी की प्राप्ति रसीद (Acknowledgement) की एवं समाचार पत्र में प्रकाशन की फोटो प्रति प्रार्थी वित्तीय संस्थान द्वारा प्रस्तुत की गई है।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सीकर (राज.)

**5.** अतः The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act. 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 3 क्रमशः **इन्द्राज मीणा पुत्र बाबूलाल मीणा, बाबुलाल पुत्र**

(मुकुल शर्मा)
जिला मजिस्ट्रेट, सीकर

**बन्नाराम मीणा** एवं **सुशीला देवी पत्नी बाबु लाल मीणा** की ओर से पुनर्भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में प्रार्थी वित्तीय संस्था के पक्ष में अप्रार्थी **सुशीला देवी पत्नी बाबूलाल मीणा** के स्वामित्व की बंधक अचल सम्पत्ति **पट्टा नम्बर 71, ग्राम गुहाला, ग्राम पंचायत गुहाला, तहसील नीम का थाना, जिला सीकर (राजस्थान) 332706** में स्थित है। जिसका **कुल क्षेत्रफल 152.22 वर्गगज** है। जिसकी चतुर्दिशाएं इस प्रकार हैं– पूरब दिशा में मालीराम शर्मा व बद्री मीणा का मकान, पश्चिम दिशा में पूरणमल मीणा का मकान, उत्तर दिशा में प्रभू नाई का मकान एवं दक्षिण दिशा में सन्तोष मीणा का मकान स्थित है। उक्त बंधक सम्पत्ति का भौतिक रूप से कब्जा प्राप्त करने हेतु प्रार्थी वित्तीय संस्था को पुलिस इमदाद जरिये पुलिस अधीक्षक सीकर द्वारा प्राप्त किये जाने के **स्वीकृति आदेश** प्रकरण अथवा बंधक सम्पत्ति पर **किसी दिगर न्यायालय का स्थगन नहीं होने की शर्त पर** दिये जाते हैं। उक्त आदेश की पालना हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों व न्यायालय आदि का भुगतान नियमों में देय है, जो सम्बन्धित बैंक/वित्तीय संस्थान द्वारा वहन किया जावेगा।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सीकर (राज.)

**6.** आदेश आज दिनांक **03 जून, 2025** को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(मुकुल शर्मा)
जिला मजिस्ट्रेट, सीकर

(मुकुल शर्मा)
जिला मजिस्ट्रेट, सीकर